प्रादेशिक समाचार
दिनांक–23.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. 17वें रोजगार मेले के तहत देशभर के 40 स्थानों पर कल होगा रोजगार मेले का आयोजन, रांची में आयोजित मेले में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ होंगे शामिल।
2. छठ महापर्व के मद्देनजर रांची रेल मंडल ने 20 स्पेशल ट्रेनें चलाकर यात्रियों की सुविधा की सुनिश्चित, स्टेशनों पर सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के किए गए विशेष प्रबंध।
3. राज्यभर में छठ महापर्व को लेकर तैयारियां जारी, रांची नगर निगम ने समीक्षा बैठक की आयोजित, खूंटी में नगर पंचायत के कर्मचारी तालाबों की सफाई में जुटे।
4. राज्यपाल, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेशवासियों को भाईदूज और चित्रगुप्त पूजा की दी शुभकामनाएं, राज्यवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

और

5. भारत को अंतरराष्ट्रीय डोपिंग रोधी सम्मेलन "कॉप–10" ब्यूरो का पुनः चुना गया उपाध्यक्ष, खेल मंत्रालय ने कहा–यह खेलों में स्वच्छता और पारदर्शिता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का है प्रतीक।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17वें रोजगार मेले के तहत कल देश भर में 40 स्थानों पर 51 हज़ार से ज़्यादा उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। राजधानी रांची में इस कार्यक्रम का आयोजन जैप–1 डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में सुबह 10 बजे से होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ शामिल होंगे।

****

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आज नई दिल्ली में रेल भवन के वॉर रूम से त्योहारों के दौरान चलने वाली विशेष रेलगाडियों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से बातचीत की और छठ पूजा से पहले तैयारियों का जायजा लिया। इस वर्ष छठ पूजा और दिवाली के त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे अनेक विशेष रेलगाडियां चला रहा है। एक अक्तूबर से 30 नवम्बर तक 61 दिन में देश भर में 12 हज़ार से ज़्यादा विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जा रही हैं।

****

छठ महापर्व को देखते हुए रांची रेल मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष तैयारियां की हैं। वरीय मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक सूची सिंह ने बताया कि बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए 20 स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं और स्टेशनों पर सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के विशेष प्रबंध किए गए हैं। साथ ही रांची स्टेशन पर यात्रियों के ठहराव के लिए विशेष व्यवस्था और सीसीटीवी से निगरानी की व्यवस्था की गई है।

इस मौके पर यात्रियों ने रेलवे के इंतजामों की सराहना की, साथ ही कुछ ने सुझाव भी दिए।

****

आगामी छठ महापर्व के मद्देनजर रांची नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव की अध्यक्षता में इनफोर्समेंट टीम के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने शहर में अतिक्रमण हटाने, निर्माण एवं खनन अपशिष्ट फैलाने वालों पर कार्रवाई और जल निकायों की स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही तालाबों के आस–पास रात्रि गश्त और असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने का भी आदेश दिया।

****

गोड्डा जिले में लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन ने विभिन्न छठ घाटों के निरीक्षण और साफ सफाई का कार्य शुरू कर दिया है।

****

इधर खूंटी में भी छठ पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। नगर पंचायत के सफाईकर्मी तालाबों की साफ–सफाई में जुटे हैं। नगर पंचायत की सुपरवाइजर जुबेदा खातून ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वच्छता कार्य लगातार जारी है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेशवासियों को भाईदूज और चित्रगुप्त पूजा की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने मीडिया के माध्यम से भगवान चित्रगुप्त की कृपा से जीवन में सद्बुद्धि, न्यायप्रियता, सुख–शांति और समृद्धि की कामना की। साथ ही, बाबूलाल मरांडी ने भाई–बहन के अटूट प्रेम और समर्पण के प्रतीक भाईदूज की भी हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

****

इधर सिमडेगा में चित्रगुप्त महापरिवार के सदस्यों ने विधि–विधान से भगवान चित्रगुप्त की पूजा–अर्चना की। शहर के प्रिंस चौक में श्रद्धालुओं ने भगवान चित्रगुप्त की कथा सुनी और सुख–शांति और समृद्धि की कामना की।

****

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणा करते हुए 22 सितंबर को इसकी शुरूआत की। जीएसटी सुधारों से त्रिपुरा की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

****

जामताड़ा जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ, समय पर हुई बारिश और अनुकूल मौसम के कारण किसानों को इस वर्ष धान की बेहतर पैदावार की उम्मीद है। जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार ने बताया कि अच्छी पैदावार से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और वे अधिक आत्मनिर्भर बनेंगे।

****

राज्य में 28 अक्तूबर के दौरान कई जिलों में बादल छाए रहने और कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश और मेघ गर्जन की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम सिंहभूम, गुमला, सिमडेगा, गढ़वा, पलामू, लातेहार और लोहरदगा जिलों में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। साथ ही अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान स्थिर रहेगा।

****

भारत को खेलों में डोपिंग के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए पार्टियों के सम्मेलन (कॉप–10) ब्यूरो का उपाध्यक्ष फिर से चुना गया है। यह निर्णय पेरिस में आयोजित कॉप–10 के 10वें सत्र के दौरान लिया गया। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सम्मेलन के दौरान, भारत ने डोपिंग रोधी सम्मेलन को प्रदर्शित करने के लिए इंटरैक्टिव बोर्ड की सुविधा प्रदान की है।

********समाप्त*********